# 2022 तक दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत

**समाचारों में क्यों**

विदित हो कि दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में एक नवीनतम रिपोर्ट पेश किया है। इस रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यस्था बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि भारतीय अर्थव्यवस्था इसी गति से बढ़ती रही तो 2022 में यह जमर्नी को पछाडक़र दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**रिपोर्ट से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिंदु**

आईएमएफ ने यह रिपोर्ट सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर पेश की है। आईएमएफ ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत अपनी अर्थव्यवस्था के विकास की मौजूदा गति के आधार पर अगले पाँच सालों में दुनिया की शीर्ष पाँच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 में भारत के प्रदर्शन के कारण जर्मनी एक पायदान खिसककर पाँचवें पायदान पर पहुँच जाएगा जबकि अभी तक पाँचवें स्थान पर काबिज ब्रिटेन पाँच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की फेहरिस्त से बाहर हो जाएगा। इसका सबसे बड़ा कारण ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से बाहर होने को माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोपीय संघ से बाहर होने के कारण ब्रिटेन की व्यापारिक साझेदारियाँ कम हुई हैं। इस कारण उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है भारत की अर्थव्यवस्था ब्रिटेन की तुलना में पाँच गुना तेजी से बढ़ रही है। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था सालाना 9.9 फीसदी की तेजी से बढ़ रही है। जबकि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी का ही अनुमान है। गौरतलब है कि 18,100 अरब डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ अमरीका अभी इस सूची में टॉप पर है। इसके बाद 11, 200 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ चीन दूसरे और 4200 अरब डॉलर की जीडीपी के साथ जापान तीसरे नंबर पर बना हुआ है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद इस समय 2300 अरब डॉलर है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-economy-set-to-be-fourth-largest-economy-by-2022